सदभावना के समावेश से समाज सेवा में मजबूती आयेगी– ब्र0 कु0 निर्वेर

आबू रोड, 15 मई, निसं। समाज सेवा वही सर्वोपरि होती है जिसमें किसी भी प्रकार की कोई स्वार्थ भावना न हो। सदभावना की डोर मजबूत होने से समाजसेवाओं में वृद्धि होती है। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारीज संस्था के महासचिव तथा गलोबला हास्पिटल के मैनेजिंग ट्रस्टी ब्र0 कु0 निर्वेर ने व्यक्त किये। वे शांतिवन में समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उदघाटन अवसर पर देशभर से आये समाजसेवियों को सम्बोधित कर रहे थे।

आगे उन्होंने कहा कि केवल धन और सुख सुविधाओं को मुहैय्या करा देना ही समाज सेवा नहीं है। बल्कि मनुष्य के अन्दर मनुष्यता की ललक पैदा की जाये जिससे वे एक श्रेष्ठ मानव बन सके। क्योंकि इसके बिना मनुष्य कभी भी अपने जीवन में तरक्की नहीं कर पाता है। मानवीय मूल्य ही देश व समाज की एकता और समरसता को बांधे रखते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में समाज सेवा को सदैव प्राथमिकता दिया जाता रहा है। आज जरूरत है कि समाज सेवा से जुड़े लोग मानवीय मूल्यों भी लोगों की सेवा करने में तत्परता दिखायें।

उदघाटन अवसर से पूर्व संध्या पर स्वागत समारोह में बरवाला के विधायक रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि हमारी सोच जब सर्वकल्याणकारी होगी तभी हम समाज सेवा कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा सबसे पुण्य कार्य होता है। जिससे लोगों और जनमानस में एक विश्वास पैदा होता है। संस्था की कार्यपणाली सच्ची समाज सेवा का उदाहरण है। समाज सेवा प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र0 कु0 अमीर चन्द ने कहा कि जैसा कर्म हम करेंगे हमें देख और करेंगे। इसलिए हमें अपने कर्मो में हमेशा पारदर्शिता तथा लोकल्याणकारी की भावना को विकसित करना पड़ेगा।

समाज सेवा प्रभाग की अध्यक्षा ब्र0 कु0 संतोष ने कहा कि अपने और पराये के भेदभाव को भूला देना ही समाज सेवा करने के लायक बनाता है। जैसी हमारी सोच होगी वैसी हमारी वृत्ति बनेगी। इसलिए अपने सोच को हमेशा श्रेष्ठ रखना चाहिए। आज जरूरत है कि समाज सेवा को वैश्विक रूप दिया जाये। पठानकोट के लायन विनोद जी ने कहा कि हम सभी समाज सेवा तो करते है परन्तु लोगों में सदभावना बढ़े इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक ब्र0 कु0 प्रेम कुमार ने भी अपनी शुभकामनायें दी तथा ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा ब्र0 कु0 मोहिनी बहन ने सभी को योगानुभूति करायी कार्यक्रम का संचालन ब्र0 कु0 आशा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ब्र0 कु0 अवतार ने किया।

पूर्व उपराष्ट्रपति को श्रद्धांजलि

आबू रोड, 15 मई, निसं। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति तथा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय भैरोसिंह शेखावत के आकस्मिक निधन पर सभा में शोक छा गया। और सभी अतिथियों तथा मंचासीन महानुभावों ने खड़े होकर दो मिनट मौन रहकर उनके दिवंगत आत्मा तथा परिवार में शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थन की गयी।

देश ने महान नेता खो दिया

आबू रोड। ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने अपने लंदन यात्रा पर माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत जी के निधन का समाचार सुनकर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि देश को विकास की गति देने वाले दैदीप्यमान नक्षत्र की भांति चमकते रहने वाले सच्चे देशभक्त व विद्वान पुरूष को इस देश ने खो दिया है। जिसकी कमी हमेशा खलती रहेगी। देश को विकास के पथ पर ले जाने के सदैव अग्रसर तथा भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास बनाने वाले श्रद्धेय भैरोसिंह शेखावत की दिवंगत आत्मा को तथा उनके परिवार को इस कष्ट के क्षणों में सहन करने की शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ।